an>

Title: Need to accord clearance for the construction of Dr. Bhimrao Ambedkar Monument on Indu Mill land in Mumbai.

श्री राहुल रमेश शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) : सभापति महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। संविधान निर्माता भारत रत्न डा.भीमराव अम्बेडकर का अंतर्राष्ट्रीय स्मारक मुम्बई में बनाने की मांग अनेक वर्गों की ओर से पिछले कई वर्षों से होती रही है तथा भूतपूर्व केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री ने डा.बाबा साहेब अम्बेडकर का स्मारक स्थापित करने हेतु मुम्बई के दादर में इन्दु मिल में भूमि आबंटित करने की घोषणा लोक सभा में 5 दिसम्बर, 2012 को की थी। परंतु लगभग दो वर्ष के बाद भी इन्दु मिल की भूमि पर डा. बाबा साहेब अम्बेडकर का स्मारक बनाने हेतु इमारत का निर्माण अभी तक आरम्भ नहीं हो सका। मेरी जानकारी के अनुसार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय से अभी तक इस परियोजना को क्लियरेंस नहीं मिलने की वजह से यह इश्यु पैंडिंग है।

महोदय, भारतीय संविधान लागू होने के 64 सालों के बाद भी संविधान निर्माता डा. बाबा साहेब अम्बेडकर का स्मारक अभी तक मुम्बई में स्थापित नहीं हुआ है। यह कैसी विडम्बना है कि जिस महान आत्मा का दुनिया में सम्मान होता है, उन्हीं के देश में उनके व्यक्तित्व के बारे में लोगों को जानकारी देने हेतु कोई माध्यम नहीं है। आज इस सभागृह में सभी सांसद जब स्पीच देते हैं तो वे अपनी-अपनी पार्टी के जो प्रमुख हैं, उनका गौरवपूर्ण उल्लेख करते हैं, लेकिन डा.बाबा साहेब अम्बेडकर की वजह से आज इस सभागृह में हमें यह मौका मिला है, उनके द्वारा संविधान लिखे जाने के कारण आज हमें यह सम्मान मिल रहा है, लेकिन आज यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि 64 सालों के बीतने के बाद भी हम उनका एक अंतर्राष्ट्रीय स्मारक नहीं बना सके।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि मुम्बई में इन्दु मिल की भूमि पर इस स्मारक को बनाने की योजना को अविलम्ब क्लियरेंस प्रदान करके शीघ्र ही डा.बाबा साहेब अम्बेडकर का अंतर्राष्ट्रीय स्मारक बनाने का मार्ग प्रशस्त करें।

माननीय सभापति : श्री राहुल रमेश शेवाले द्वारा उठाए गए विषय के साथ

डा.किरीट पी.सोलंकी को संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।